Examrace: Downloaded from examrace.com

For solved question bank visit doorsteptutor.com and for free video lectures visit Examrace YouTube Channel

विचारधीन मामलों से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय का पोर्टल (प्रवेशदव्ार) (Portal of the Supreme Court Related to the Matters under Consideration – Questions of Past Years)

Glide to success with Doorsteptutor material for IAS : Get detailed illustrated notes covering entire syllabus: point-by-point for high retention.

1. लोक अदालतों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार की कीजिए:

• एक लोक अदालत दव्ारा लिया गया अधिनिर्णय सिविल न्यायालय का आदेश (डिक्री) मान लिया जाता है और इसके विरुद्ध किसी न्यायालय में अपील नहीं होती है।

• विवाह-संबंधी/पारिवारिक विवाद लोक अदालत में सम्मिलित नहीं होते है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(अ) केवल 1

(ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों

(द) न तो 1 और नही 2

उत्तर: (अ)

विधि आयोग ने मृत्यु दंड के उन्मूलन की सिफारिश की।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

• जिले में सबसे बड़ी फौजदारी अदालत जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत होती है।

• जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति राज्यपाल दव्ारा उच्च न्यायालय के परामर्श से की जाती है।

• जिला न्यायाधीश बनने के लिए एक व्यक्ति को 7 वर्ष या उससे अधिक का विधि कार्य का अनुभव होना चाहिए या उसे संघ या राज्य की न्यायिक सेवा का अधिकारी होना चाहिए।

• जब सत्र न्यायालय मौत की सजा देता है तो इसका कार्यान्वयन करने से पहले इसे उच्च न्यायाालय दव्ारा अनुमोदित होना चाहिए।

दिए गए कथनों में से कौन से कथन सत्य हैं-

(अ) 1 और 2

(ब) 2,3 और 4

(स) 3 और 4

(द) 1,2, 3 और 4

उत्तर: (द)

एनजेएसी NJAC अधिनियम असंवैधनिक और अमान्य

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

• न्यायाधीश (जांच) विधेयक 2006 के अंतर्गत एक न्यायिक परिषद को स्थापित करने का विचार है, जो भारत के मुख्य न्यायमूर्ति सहित उच्चतम न्यायालय के न्यायधीश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति और न्यायधीशों के विरुद्ध शिकायतें स्वीकार करेगी।

• घरेलू हिंसा में महिला संरक्षण अधिनियम 2005 के अंतर्गत कोई महिला किसी प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास अर्जी दाखिल कर सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(अ) केवल 1

(ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों

(द) न तो 1 और नही 2

उत्तर: (ब)

समान नागरिक संहिता

4. भारत के संविधान में निहित राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार करें:

• देश भर में सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करना।

• ग्राम पंचायतों का संगठन

• ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देना।

• सभी कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी, शिष्ट जीवन स्तर तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक अवसर।

उपर्युक्त में से कौन से गांधीवादी सिद्धांत राज्य के नीति निदेशक तत्वों में परिलक्षित होते हैं?

(अ) केवल 1,2 और 4

(ब) केवल 2 और 3

(स) केवल 1,3 और 4

(द) 1,2, 3 और 4

उत्तर: (ब)

बाल अधिकार

5. भारत के संविधान के कौन से अनुच्छेद के अंतर्गत ' चौदह वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चें को किसी फैक्टरी (कारखाना) , खदान या किसी अन्य खतरनाक रोजगार में नियोजित करने को प्रतिबंधित किया गया हैं?

(अ) अनुच्छेद 24

(ब) अनुच्छेद 45

(स) अनुच्छेद 330

(द) अनुच्छेद 368

उत्तर: (अ)

शैक्षिक संस्थानों को अल्पसंख्यक का दर्जा

6. सूची-1 (भारतीय संविधान का अनुच्छेद) को सूची-11 (प्रावधान) के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही **उत्तर** चुनिए:

सूची-1	**सूची 11**
(भारतीय संविधान का अनुच्छेद)	**(उपलब्ध)**
अ अनुच्छेद 16 (2)	किसी भी व्यक्ति को कानून के प्राधिकार के सिवाय उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा।
ब अनुच्छेद 29 (2)	किसी भी व्यक्ति के साथ उसके वंश, धर्म या जाति के आधार पर सार्वजनिक नियुक्ति के मामले में भेदभाव नहीं किया जा सकता है।
स अनुच्छेद 30 (1)	अभी अल्पसंख्यकों को चाहे वे धर्म के आधार पर हो या भाषा के आधार पर अपनी पसंद की शैक्षिक संस्थानों को स्थापित करने और उन्हें संचालित करने का मौलिक अधिकार होगा।
द अनुच्छेद 31 (1)	किसी भी नागरिक को धर्म, वंश, जाति, भाषा या इनमें से किसी के भी आधार पर राज्य दव्ारा संपोषित अथवा राज्य से सहायता प्राप्त करने वाली किसी भी शैक्षिक संस्था में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा।

कूट:

अ ब स द

(अ) 2 4 3 1

(ब) 3 1 2 4

(स) 2 1 3 4

(द) 3 4 2 1

उत्तर: (अ)

हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम 2015 पर सुप्रीम कोर्ट (सर्वोच्च न्यायालय) का फैसला

7. यदि एक पंचायत भंग हो जाती है, तो कितने समय के भीतर चुनाव आयोजित किया जाना चाहिये:

(अ) 1 महीने (ब) 3 महीने (स) 6 महीने (द) 1 वर्ष

उत्तर: (स)

8. संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992, जिसका लक्ष्य देश में पंचायती राज संस्थापनों को प्रोत्साहित करना है, निम्नलिखित में से किस/किन चीजों की व्यस्था करता है?

• जिला योजना समितियों का गठन करने की

• राज्य निर्वाचन आयोगों दव्ारा सभी पंचायतों का चुनाव करने की

• राज्य वित्त आयोगों की स्थापना करने की

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही **उत्तर** चुनिए

(अ) केवल 1

(ब) केवल 1 और 2

(स) केवल 2 और 3

(द) 1,2 और 3

उत्तर: (स)

9. पंचायत (अनुसूचति क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 के अंतर्गत समाविष्ट क्षेत्र में ग्राम सभा की क्या भूमिका/शक्ति हैं?

• ग्राम सभा के पास अनुसूचति क्षेत्रों में भूमि का हस्तांतरण रोकने की शक्ति होती है।

• ग्राम सभा के पास लघु वनोपज का स्वामित्व होता है।

• अनुसूचित क्षेत्रों में किसी भी खनिज के लिए खनन का पट्टा अथवा पूर्वक्षण लाइसेंसे (अनुमति) प्रदान करने हेतु ग्राम सभा की अनुशंसा आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(अ) केवल 1

(ब) केवल 1 और 2

(स) केवल 2 और 3

(द) 1,2 और 3

उत्तर: (ब)

10. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, 1993 के अनुसार निम्नलिखत में से कौन इस आयोग का अध्यक्ष बन सकता है?

(अ) उच्चतम न्यायालय का कोई सेवारत न्यायाधीश

(ब) उच्च न्यायालय का कोई सेवारत न्यायाधीश

(स) केवल भारत के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति

(द) केवल उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्ति मुख्य न्यायमूर्ति

उत्तर: (स)

Developed by: Mindsprite Solutions